卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 274 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦मंगलवार ♦11 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## मलवे में दबे तीन वाहन, चार की मौत, सात घायल

उत्तरकाशी(उद ब्यूरो)।देर रात गंगोत्री हाईवे बंद होने के कारण यात्रियों के वाहन गंगनानी के समीप खड़े थे। तभी अचानक भूस्खलन हो गया और पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा एक टेम्पो ट्रेवलर सहित तीन वाहनों पर गिर गया। मलबे में तीन वाहन दब गए। जिसमें एक महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गये। घायलों को अस्पताल भेजा गया है। हादसे का पता लगने पर आपदा स्वयं सेवी राजेश रावत ने देर अकेले ही घटना में घायल लोगों का रेस्क्यू किया। मंगलवार सुबह हाईवे खुलने पर एसडीआरएफ की टीम पर भी मौके पर पहुंची। बीआरओ के अधिकारी मेजर वीएस वीनू ने बताया कि भटवाड़ी से





गंगनानी के बीच 20 किमी के क्षेत्र में गंगोत्री हाईवे पर सात स्थानों पर भूस्खलन हुआ था। जिसे पूरी रात तेज बारिश के बीच कड़ी मशक्कत के बाद खोला गया।भटवाड़ी एसडीएम चत्तर सिंह चौहान ने बताया कि घटना में एक टेम्पो ट्रैवलर, एक टवेरा और एक स्विफ्ट डिजायर मलबे में दब गये। मृतकों में एक महिला भी शामिल है। सात घायलों में दो गंभीर हैं और पांच सामान्य घायल हैं। घायलों को उपचार हेतु तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुँचाया गया। इन तीनो वाहनों में 30 लोग सवार थे। सुरक्षित यात्रियों को घटनास्थल के नजदीक होटलों में ठहराया गया।एसडीआरएफ की टीम मौके पर तैनात है। हाईवे पर लगातार पत्थर गिर रहे है। वहीं, बारिश के कारण बीच-बीच में रेस्क्यू रोकना पड़ रहा है। यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में भी लगातार बारिश के चलते यमुना नदी समेत सहायक नदी और नाले उफान पर हैं। जिससे लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। उधर, पिछले तीन दिन से प्रदेशभर में चल रहे बारिश का क्रम मंगलवार को भी जारी रहेगा। मौसम विभाग ने आज प्रदेशभर में भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। भूस्खलन से चार लोगों की मौत पर राज्यपाल लेफ्टिनेंट (शेष पृष्ठ सात पर)

## गर्भवती महिला की मौत पर क्लीनिक में हंगामा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प थाना क्षेत्र में स्थित एक क्लीनिक में गर्भवती महिला की मौत हो गयी। जिसके बाद परिजनों ने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा। महिला की मौत के बाद क्लीनिक संचालिका क्लीनिक में ताला लगा कर मौके से फरार हो गयी। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। साथ ही फरार क्लीनिक संचालिका की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक आजादनगर वार्ड नंबर चार निवासी 25 वर्षीय पूजा पत्नी इन्द्रजीत प्रजापति उर्फ गुड्डू को बीती शाम प्रसव पीड़ा होने पर आजादनगर श्मशान घाट रोड स्थित



लक्ष्मी क्लीनिक में भर्ती कराया गया था। रात को पूजा की क्लीनिक में मौत हो गयी। जिसके बाद परिजन भड़क गये। उन्होंने उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया। जिसके बाद क्लीनिक संचालिका मौके से फरार हो गयी। मंगल वार सुबह भी परिजनों ने क्लीनिक के समक्ष जमकर हंगामा काटा। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। महिला की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है। पूजा का विवाह करीब चार वर्ष पूर्व हुआ था। उसका एक दो साल का बच्चा है। समाचार लिखे जाने तक क्लीनिक संचालिका के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं हो पाया है।

## कार खाई में गिरने से शिक्षक की मौत, दो घायल

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। कार गहरी खाई में गिरने से पूर्व सभासद एवं शिक्षक सचिन टम्टा की मौत हो गयी।



जबकि दो लोग घायल हो गये। घटना से परिवार में कोहराम मचा है। सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हादसा रानीखेत- अल्मोड़ा मार्ग पर ज्योली में हुआ। बताया जाता है कि मंगलवार सुबह सचिन टम्टा अपनी कार से ज्योली स्थित विद्यालय जा रहे थे। ज्योली लिंक मार्ग से



पूर्व अचानक उनकी कार अनियंत्रित होकर लगभग 100 फीट गहरी खाई में जा गिरी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से सभी घायलों को बेस अस्पताल अल्मोड़ा भिजवाया। जहां उपचार के दौरान सचिन टम्टा का निधन हो गया। दो घायलों का उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि सचिन टम्टा नगर क्षेत्र से लगे प्राथमिक स्कूल में शिक्षक थे। उनका यहां टम्टा मोहल्ला में आवास है। दुर्घटना के वक्त टम्टा स्वयं वाहन चला रहे थे। उनके निधन से परिवार में कोहराम मचा है। सूचनापर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## बोल्डर गिरने से पिकप सवार दो लोगों की मौत,चार घायल

देहरादून(उद संवाददाता)।कालसी क्षेत्र के कोटा-डिमोऊ में तुनिया के पास सड़क पर भारी भरकम बोल्डर आ गिरा। इस दौरान बोल्डर की चपेट में आने से पिकप वाहन में सवार दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, चार लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार,



दोपहर करीब 12 बजे एक वाहन टमाटर लेकर ग्राम कोटा दमोह से विकासनगर मंडी की तरफ जा रहा था। इस दौरान तुनिया के पास अचानक भूस्खलन हो गया और बोल्डर वाहन पर गिर गया। जिसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौके पर जान चली गई। वहीं, चार घायलों को विकासनगर के उप जिला अस्पताल लाया गया। जहां से एक की गंभीर स्थिति को देखते हुए देहरादून के लिए रेफर किया गया है।

## दस लाख की स्मैक सहित दो तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कालाढूंगी थाना पुलिस ने करीब दस लाख रुपए कीमत की अवैध स्मैक के





साथ दो नशा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने पुलिस टीम को पांच हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की है। एसएसपी ने बताया कि नन्दन सिंह रावत थानाध्यक्ष कालाढूंगी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चौकिग के दौरान चौधरी गेट चकलुवा कालाढूंगी हल्द्वानी रोड में 2 तस्करो को कुल 101 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि बीती रात कालाढूंगी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में चौधरी गेट चकलुवा कालाढूंगी से हल्द्वानी की ओर रोड पर हल्द्वानी की ओर से एक स्कूटी संख्या यूके 04एल 1171 पर सवार 2 व्यक्ति आते दिखे जो पुलिस(शेष पृष्ठ सात पर)

## आर्मी के हवलदार पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

काशीपुर(उद संवाददाता)। इंडियन आर्मी के एक हवलदार पर धोखाधड़ी कर 50 हजार से भी अधिक की रकम हड़प करने का एक गंभीर मामला प्रकाश में है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर फौजी के खिलाफ गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत करते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी। घटना के बारे में पुलिस को तहरीर देकर। किला बाजार, सरस्वती शिशु मंदिर के समीप मोहल्ला अल्ली खां निवासी शुभम देवल पुत्र सुरेश चंद्र ने बताया कि बीते 17 अप्रैल को इंडियन आर्मी कैंप लखनऊ के हवलदार वीरेंद्र सिंह राजपूत ने हेरफेर कर धोखाधड़ी से 57,598 रुपए हड़प कर (शेष पृष्ठ सात पर)

## व्यापारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मंगलवार प्रात: रोजाना की तरह घर से मोर्निंग वाक



पर निकला व्यापारी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद भी जब व्यापारी का कोई पता नहीं चला तो परिजनों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। जानकारी के अनुसार मलिक कालोनी निवासी अंकित कक्के पुत्र प्रेम कक्के का बाजार में जगदम्बे इलैक्ट्रानिक नाम से प्रतिष्ठान हैं। परिजनों ने बताया कि अंकित कक्के रोजाना की तरह आज प्रात: करीब 8 बजे घर से मोर्निंग वाक करने घर से निकले थे। लेकिन काफी देर बीत जाने के बाद भी घर वापस नहीं लौटे। जिस पर परिजनों को उनकी चिंता होने लगी और उनकी संभावित स्थानों पर खोजबीन शुरू की गई। लेकिन उनका कहीं कोई पता नहीं चल सका। बताया जाता है कि अंकित घर से अपना मोबाईल भी लेकर गये थे जो स्विच ऑफ आ रहा है।

## विद्युत कटौती के खिलाफ सड़कों पर उतरे कांग्रेसी

रामनगर (उद संवाददाता)।पिछले कई दिनों से की जा रही बिजली की अघोषित कटौती के खिलाफ कांग्रेस कार्य कर्ताओं ने पूर्व विधायक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता



रणजीत सिंह रावत के नेतृत्व में सरकार के खिलाफ नारेबाजी व प्रदर्शन करते हुए विद्युत कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अभियंता बेगराज सिंह के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर कटौती को तत्काल समाप्त करने की मांग की। पूर्व विधायक रणजीत सिंह रावत ने कहा कि बिजली की अघोषित कटौती (शेष पृष्ठ सात पर)

## नाले में युवक का शव बरामद,हत्या की आशंका

रामनगर(उद संवाददाता)। सोमवार की देर रात रामनगर क्षेत्र में एक नाले से एक युवक का शव बरामद होने के बाद पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। घटना



के बाद मृतक के परिजनों में भी कोहराम मचा है। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कोतवाली के एसएसआई अनीस अहमद ने बताया कि मोहल्ला बंबाघेर निवासी 19 वर्षीय मोनिस अंसारी का शव बीती रात ग्राम तेलीपुरा रोड स्थित एक फ्लैट के समीप नाले में मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी ।उन्होंने बताया कि लहूलुहान हालत में मिले मोनिस को उपचार के लिए कुछ लोगों द्वारा सरकारी अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया(शेष पृष्ठ सात पर)

# जिला अस्पताल में अनुपयुक्त सामग्री की नीलामी के निर्देश

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा की अध्यक्षता में जवाहर लाल नेहरू जिला चिकित्सालय प्रबन्धन एवं कार्यकारिणी की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि चिकित्सालय में सभी व्यवस्था सही से संचालित होती रहें। उन्होंने अनुपयुक्त सामग्री की नीलामी हेतु नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिये। उन्होंने संविदा एवं आउटसोर्स कार्मिकों के लिए आवास



किराया निर्धारण हेतु मुख्य चिकित्साधिकारी तथा मुख्य कोषाधिकारी को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सालय वाहन पार्किंग व्यवस्था, जैव चिकित्सा अपशिष्ट के निस्तारण हेतु टेण्डरिंग प्रक्रिया अपनाने के निर्देश दिये। उन्होंने मेडिकल कॉलेज के नव निर्मित भवन में इण्डोर सुविधाओं के सम्बन्धत मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों के साथ बैठक करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। बैठक में आईएएस ट्रेनी अनामिका, मुख्य कोषाधिकारी डॉ.पंकज कुमार शुक्ल, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मनोज शर्मा, सहित डॉ.एसके गोस्वामी, डॉ.प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डॉ.आरके सिंहा, राजेश जग्गा, हरीश कुमार आदि उपस्थित थे।

# भाजपा प्रदेश मंत्री ने लिया वार्डो में जलभराव का जायजा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने गंगापुर रोड स्थित फुलसुंगी वार्ड नंबर 16 वार्ड और नंबर 1 में भारी बारिश के कारण हुए जलभराव का स्थानीय व्यापारियों और किसानों के साथ मिलकर निरीक्षण



किया।स्थानीय लोगों ने प्रदेश मंत्री विकास शर्मा को जलभराव हो रहने नुकसान और समस्याओं की जानकारी दी। विकास शर्मा ने तत्काल सिंचाई विभाग और नगर निगम विभाग के अधिकारियों को जानकारी देकर जलभराव की स्थिति का जायजा लेने और समस्या से निजात दिलाने को कहा। विकास शर्मा ने कहा कि जल्द ही जलभराव से क्षेत्रवासियों को निजात दिलाई जायेगी। उन्होंने कहा कि रूद्रपुर शहर और आस पास के इलाकों में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने के लिए जल्द ही मुख्यमत्री से वार्ता की जायेगी। उन्होंने कहा कि कई कालोनियों में निकासी के पर्याप्त इंतजाम नहीं है। सड़कों और नालियों की स्थिति ठीक नहीं है। इसके लिए नगर निगम और जिला प्रशासन के स्तर से समस्या का निराकरण करने के लिए वार्ता की जायेगी।

# मंडलायुक्त ने किया क्षतिग्रस्त राजभवन रोड का निरीक्षण

नैनीताल(उद संवाददाता)। आयुक्त कुमाऊँ मण्डल श्री दीपक रावत ने सोमवार को नैनीताल में विगत दिनो अत्याधिक वर्षा के कारण क्षतिग्रस्त राजभवन रोड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियन्ता लोनिवि ने आयुक्त को अवगत कराया कि कार्यों का टेंडर करते हुए रात-दिन कार्य किया जा रहा है। जिसमें लगभग 20 से 25 दिनों का समय लगने की सम्भावना है। आयुक्त ने अधीक्षण



अभियन्ता को आजजन की समस्याओं को देखते हुए और अधिक मैन पॉवर को बढ़ाते हुए प्रतिदिन कार्यों की रिर्पोट उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त राजभवन मार्ग पर पूर्ण रूप से यातायात प्रतिबन्ध करना सुनिश्चित करें। यदि प्रतिबन्धित के बाद भी कोई इस मार्ग पर आवा-जाही करता है तो उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की कार्यवाही अमल में लाना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी राहुल साह, अधीक्षण अभियन्ता राजेन्द्र सिंह, अधिशासी अभियन्ता रत्नेश सक्सेना आदि उपस्थित थे।

# आपसी विवाद में हुई फायरिंग, तीन युवक घायल

गदरपुर(उद संवाददाता)। दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ा की एक पक्ष के लोगों ने फायरिंग कर दी। जिसमें तीन युवक घायल हो गए आसपास के लोगों ने इसकी सूचना ग्रामीणों को दी भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे। सूचना पर थानाध्यक्ष पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की गहनता से जांच शुरू कर दी। सोमवार को ग्राम कुलवंत नगर के कुछ युवक उत्तराखंड उत्तर प्रदेश बॉर्डर स्थित डाम पर शाम 7:30 बजे चारा काटने के लिए गए थे उसी दौरान ग्राम कनकटा के भी कुछ युवक वहां पहुंच गए दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया कि ग्राम कनकटा के कुछ लोगों ने ग्राम कुलवंत नगर के युवकों पर फायरिंग कर दी। जिसमें तीन युवक घायल हो गए। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तब तक ग्रामीण घायलों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद कृष पुत्र राजू शिवम पुत्र बलवीर भोला पुत्र डोरीलाल निवासी कुलवंत नगर की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद भारी संख्या में ग्रामीण थाने पहुंच गए जहां उन्होंने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग



को लेकर पुलिस के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का कहना था कि अवैध हथियारों से फायरिंग करने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। प्रदर्शन करने वालों में नितिन गगनेजा, हैप्पी चंद्र, जितेंद्र सिंह, रविंद्र कौर, पूनम देवी, लखविंदर कौर, माया देवी, विकास कुमार, राजीव कुमार, सहित काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। उधर पुलिस ने ग्राम कनकटा में आरोपी युवकों के घरों पर दबिश दी दबिश की सूचना पर युवक घर से फरार हो गए। वही थानाध्यक्ष राजेश पांडे का कहना है कि आरोपितों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं सूत्रों के हवाले से खबर मिली है कि उत्तराखंड की सीमा के पास उत्तर प्रदेश की सीमा में पिपली जंगल पड़ता है जहां से आसपास के लोग लकड़ी की तस्करी करके मोटा मुनाफा कमाते हैं और फायरिंग करने वाले लोग भी लकड़ी तस्करी के धंधे से लिप्त है। लेकिन चोटिल हुए युवकों ने मामले को पलटते हुए उसे दूसरे रूप देने की कोशिश कर रहे हैं।

# नाबालिग को लेकर फरार आरोपी नौएडा से गिरफ्तार

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पोक्सो एक्ट के अभियुक्त को चौखुटिया पुलिस ने नोयडा से गिरफ्तार कर गुमशुदा नाबालिग बालिका को बरामद कर लिया। चौखुटिया निवासी एक व्यक्ति ने अपनी 17 वर्षीय पुत्री के बिना बताए घर से चले जाने एवं वापस ना आने के संबंध में तहरीर थाना चौखुटिया में दी थी। जिस पर तत्काल एफआईआर पंजीकृत की गई।एसएसपी रामचन्द्र राजगुरु ने मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल सीओ रानीखेत, थानाध्यक्ष चौखुटिया व एसओजी प्रभारी को गुमशुदा नाबालिग बालिका की शीघ्र बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। सीओ रानीखेत टीआरवर्मा के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चौखुटिया अवनीश कुमार व एसओजी प्रभारी सुनील धानिक के नेतृत्व में गठित टीमें गुमशुदा



नाबालिग बालिका की तलाश हेतु उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में रवाना होकर खोजबीन शुरु की गई। पुलिस टीमों ने साईबर सैल की मदद से सुरागरसी कर नाबालिग बालिका की तलाश के लिए उत्तराखंड व उत्तर प्रदेश के कई जनपदों में दिनरात तलाशी अभियान चलाया। जिसके परिणाम स्वरुप टीमों के अथक प्रयास व साईबर सैल की मदद से नोयडा उ0प्र0 से आमिल निवासी ग्राम शेखुपुरा थाना भावनपुर जिला मेरठ के कब्जे से नाबालिग बालिका को छुड़ाकर आमिल को गिरफ्तार किया गया। पकड़ने वाली टीम में प्रभारी एसओजी सुनील धानिक, उपनिरीक्षक देवेंद्र नेगी, अपर उप निरीक्षक अनवर अहमद, का. दीपक कुमार, शंभू प्रसाद, राकेश भट्ट, मोहम्मद यामीन, इंद्र कुमार, बलवंत प्रसाद, चम्पा आदि शामिल रहे।

# मृतक के परिजनों के साथ एसएसपी से मिले ठुकराल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांवड़ यात्रा पर जा रहे सुभाष कॉलोनी निवासी युवक बादल सिंह पुत्र राजू सिंह की काशीपुर के कुंडा में सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने मृतक के परिजनों के साथ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टिसी से मुलाकात कर दुर्घटना को अंजाम देने वाले चालक के खिलाफ



शीघ्र कार्रवाई करने की मांग की। इससे पूर्व ठुकराल ने मृतक के निवास पर पहुंचकर दुख व्यक्त करते हुए परिजनों को ढांढस बंधाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मुलाकात करने वालों में संजय ठुकराल, राजू सिंह, कन्हैया ,शंभू, राजकुमार ,रोहित, मनीष, रामस्वरूप, सतीश, शंकर ,पार्वती देवी, अनीता देवी, मनीषा देवी, शिकवा देवी, अरुण, गोपी, राजन, रोहित, शिवम, पंकज, ओंकार, राज कोहली, राजू गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।

# बिंदल हुंडई ने लांच की हुंडई एक्सटर

रूद्रपुर (उद संवाददात)।किच्छा बाई पास रोड रुद्रपुर पर स्थित हुंडई कार के शोरूम बिंदल हुंडई में हुंडई की नई बहुप्रतीक्षित एसयूवी हुंडई एक्सटर को लॉंच किया गया। हुंडई की नई कार का अनावरण बिंदल हुंडई के डायरेक्टर हनुमान प्रसाद अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल एवं कनिष्क बिंदल द्वारा किया गया। इस अवसर पर बिंदल हुंडई के महाप्रबंधक राजीव अग्रवाल ने बताया कि इस नई कार में पावरफुल 1.2 लीटर पेट्रोल इंजन है। पेट्रोल में 19.4 किमी प्रति लिटर और डीजल में 27.1 का एवरेज देता है। ह्यूंडई एक्सटर बेहतर ट्यून किए गए सस्पेंशन सेटअप के साथ हाई लेवल ड्राइविंग कॉन्फिडेंस देती है। यह एसयूवी अच्छी तरह से बैलेंस्ड राइड और हैंडलिंग देगी जो शहरी और दूर दराज के क्षेत्रों की



मांग के अनुरूप है। इसके अतिरिक्त, इस कार में लोअर ड्रैग को इफिशिएंट के साथ सुपीरियर एयरोडायनामिक्स परफॉर्मेंस देगी, जिस से एयर फ्लो के प्रति कम रजिस्टेंस होता है, जिससे फ्यूल इफिशिएंसी बेहतर होती है।इसकेअतिरिक्त, यहऑप्टि माइज्ड ब्रेकिंग सिस्टम देती है, जो इसे किसी एक्सीडेंट की स्थिति को टालने में ज्यादा सक्षम बनाते हैं। इसे चलाने वाले ग्राहकों को एक ऑटिमाइज्ड राइड क्वालिटी मिलेगी, जो उनके मोटरिंग एक्सपीरियंस को खास बनाएगी, फिर बात चाहे शहर के अंदर की हो या हाईवे की। इसको बेहतरीन साउंड एब्जॉर्बिंग मैटेरियल से बनाया गया है, जिससे ड्राइविंग शांतिपूर्ण होती है और हवा का शोर कम अनुभव होता है। ब्लूलिंक के साथ ग्राहकों को 60 से अधिक कनेक्टेड कार फीचर्स प्रदान करती है, जो एक शानदार कनेक्टेड कार एक्सपीरियंस पर आधारित हैं। इस कार के लॉंच के मौके पर बिंदल हुंडई के डायरेक्टर हनुमान प्रसाद बिंदल और राजकुमार बिंदल ने बताया कि हुंडई ने वाजिव दाम में फिर से एक बहुत अच्छी गाड़ी दी है जिसकी कीमत 599900 रूपये से शुरू होती है। कार के लॉंच के मौके पर बिंदल हुंडई के सुरेश गुसाई, अंकित गुप्ता, अमित मिश्रा, प्रवीण तिवारी, अजय आर्या, मोहन बिष्ट एवम शहर के अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
05944-246817

# जिला चिकित्सालय के शौचालय में गंदगी का अम्बार





## ❑गंदगी से बदहाल शौचालयों में न पानी और न साफ सफाई की व्यवस्था
## ❑निरीक्षण के दौरान इस ओर झांकते भी नहीं हैं चिकित्सालय के अधिकारी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय का जवाहरलाल नेहरू राजकीय जिला चिकित्सालय वर्तमान में पूरी तरह से अव्यवस्थाओं की चपेट में आया हुआ है। यहां उपचार कराने के लिए आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों की सुविधा के लिए पार्किंग के समीप शौचालय का निर्माण कराया गया है। परंतु चिकित्सालय के अधि कारियों की अनदेखी व ठेकेदार की लापरवाही के कारण यहां हमेशा गंदगी के अम्बार लगे रहते हैं। आज हालात यहां तक पहुंच गये हैं कि इस शौचालय का इस्तेमाल करने से पहले लोग कई बार सोचने को मजबूर हो जाते है कि अंदर जायें कि नहीं। क्योंकि शौचालय मे पानी की व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है। वहीं नियमित रूप से सफाई न होने के कारण जगह जगह गंदगी के ढ़ेर लगे हुए हैं। जिसे देखकर लोग अंदर जाने से भी कतराने लग जाते हैं। शौचालय का यह हाल पिछले काफी




दिनों से बना हुआ है। लेकिन सब कुछ जानते हुए भी चिकित्सालय के जिम्मेवार अधिकारी इस ओर झांकते भी नहीं हैं। जिसका फायदा शौचालय का ठेकेदार उठा रहा है। गौरतलब है कि कई बार प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा भी जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया जा चुका है। परंतु शौचालय की ओर उनका न झांकना अपने आप में विचारणीय प्रश्न है। आलम यह है कि जिस चिकित्सालय में मरीज अपना उपचार कराने आ रहे हैं। यह शौचालय उन्हें व उनके साथ आने वाले तीमारदारो को रोगों की सौगात भी दे रहा है। इस संदर्भ में जब चिकित्सालय प्रबंधक से बात की गई तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि इसके लिए चिकित्सालय के पीएमएस से विस्तार से जानकारी ली जाये। जब चिकित्सालय के पीएमएस से जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि शौचालय के संचालन का ठेका दिया गया है। यदि शौचालय की सफाई नहीं की जा रही है तो उससे इस संदर्भ में बात की जायेगी। इसके बाद पीएमएस ने मौके पर ही शौचालय के ठेकेदार को फोन पर शौचालय में गंदगी होने पर फटकार लगाई। गौरतलब है कि सफाई व्यवस्था को लेकर उच्चाधिकारियों के निर्देश पर निरंतर जन जागरूकता और चैकिंग अभियान चलाये जाते है लेकिन जिला अस्पताल परिसर में बदहाल शौंचालय में सफाई के प्रति इसतरह की लापरवाही से लोगों में जानलेवा बीमारियों के फैसले का खतरा बना हुआ है।

## मौली वार्ष्णेय बनी लिटिल चैम्प नृत्य प्रतियोगिता की विनर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड की प्रमुख अग्रणी संस्था पंखुड़ियाँ सांस्कृतिक पर्यावरण एवं दिव्यांग कल्याण समिति के तत्वाधान में आयोजित लिटिल चौम्प – 2023 राज्य स्तरीय नृत्य प्रतियोगिता में मौली वार्ष्णेय विनर रही। प्रतियोगिता



में सम्पूर्ण भारतवर्ष के दर्जनों प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया था। प्रतियोगिता में चार महत्वपूर्ण राउंड थीम बेस थे। जिसमे प्रथम स्थान मौली वार्ष्णेय को मिला। प्रतियोगिता की निर्णायक नृत्य कोरियोग्राफर आलिया सिद्दकी थे। वरिष्ठ समाजसेवी भारत भूषण चुघ ने कहा इस तरह की प्रतियोगिताएं हमारी सांस्कृतिक धरोहर एवं मूल्यों के प्रति बच्चो को जागरूक बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।समाजसेवी अतुल वार्ष्णेय इगलास ने कहा कि प्रतियोगिता के माध्यम से प्रतिभाओं का आकलन होता है। समाजसेवी सुशील वार्ष्णेय दिल्ली ने कहा नृत्य एवं संगीत के द्वारा मनुष्य तनाव से मुक्त हो सकता है और व मस्त होकर अपने जीवन को आनंदित कर सकता है। उन्होंने कहा वार्ष्णेय समाज की बेटियों ने सभी क्षेत्रों में अपने प्रतिद्वंदियों से अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया है। मौली की माता डॉ. प्रगति वार्ष्णेय, शिक्षक व पिता इंजी. विकास वार्ष्णेय है। मौली शिक्षाविद लोचन वार्ष्णेय एवम गरिमा गुप्ता की भांजी है। मौली की उपलब्धि से जहां उनके परिवार में हर्षोल्लास का माहौल है वहीं उनके घर पर बधाई देने वालों का भी तांता लगा हुआ है।

## कविता लेखन में मुस्कान,भाषण में तनीशा चावला रही अव्वल

गदरपुर(उद संवाददाता)। नेहरू युवा केन्द्र के तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन सूरजमल अग्रवाल गर्ल्स पीजी महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विकासखंडों के 15-29आयु वर्ग के युवाओं ने प्रतिभाग किया । कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद प्रतिनिधि कुलदीप बग्गा, क्रयविक्रय समिति अध्यक्ष मूलचंद राठौर एवं महाविद्यालय प्रधानाचार्य ने संयुक्त रूप से किया, कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आशीष पाल ने बताया कि राष्ट्र की समृद्ध विरासत एवं संस्कृति और मूल्यों को केन्द्रीय मंच पर लाना है । इस दौरान भाषण प्रतियोगिता में तनीशा चावला ने प्रथम,निधि पंत ने द्वितीय,जसप्रीत कौर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । कविता लेखन प्रतियोगिता में मुस्कान चावला ने प्रथम,चेतना कोरंगा ने द्वितीय, उपशी उपशिता शुक्ला ने तृतीय स्थान हासिल किया। चित्रकला प्रतियोगिता में माहिरा मालिक ने प्रथम,कुमकुम गंगवार ने द्वितीय,प्रियम मंडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं मोबाईल फोटोग्राफी प्रतियोगिता में मनीष कुमार ने



प्रथम,दिनेश कुशवाहा ने द्वितीय व हरिप्रिया कोरंगा ने तृतीय स्थान पाया। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि रुद्रपुर ब्लाक प्रमुख श्रीमती ममता जल्होत्रा द्वारा विजेताओं को प्रमाण पत्र,स्मृति चिन्ह व विजेता राशि का चौक देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप मे सुनीता रानी,अमृता कौर,डॉ.राधा वाल्मिकि,डॉ. जुगेन्द्र सिंह,हरीश परंगाई,आरती सिंह,सुनीता पाठक,गौरव सिंह, कमलेश माधुर,दिलीप सिंह जीना,मनप्रीत सिंह,मुकेश रस्तोगी,अनिल शर्मा,डॉ प्रभाष आदि मौजूद थे। कार्यक्रम में 500 युवाओं ने प्रतिभाग किया।

## खाईबाड़ी करते तीन गिरफ्तार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गल्ला मंडी में खाईबाड़ी करते तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया।जानकारी के अनुसार एसआईसंदीप शर्मा , विपुल जोशी, का. भवानी राम, विशाल रावत ने मुखबिर की सूचना पर गल्ला मण्डी टीन शैड के नीचे खाईबाड़ी कर रहे तीन व्यक्तियों को मौके पर पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता छोटे पुत्र केवल राम निवासी सुभाष कालोनी वार्ड 27, अजय सक्सेना पुत्र राजेन्द्र निवासी सुभाष कालोनी व आरिफ पुत्र हसरत निवासी सुभाष कालोनी बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से सट्टा पर्ची, पेन सहित 1450 रूपये नगद बरामद हुए। पूछताछ में अजय ने बताया कि सट्टों से जो पैसा मिलता है उसे वह रखता है । सट्टे के पश्चात तीनों लोग इसका बंटवारा करते हैं और परिवार का भरण पोषण करते हैं। पुलिस ने तीनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पुलिस की सुरक्षा में फिर शुरू हुआ स्लाटर हाउस का निर्माण

## पूर्व में कई बार हो चुका है विरोध,उच्च न्यायालय में दायर की गयी थी याचिका

केलाखेड़ा(उद संवाददाता)। केलाखेड़ा नगर में आधुनिक स्लाटर हाउस मामले में उच्च न्यायालय के आदेशानुसार फिर से पुलिस सुरक्षा में निर्माण कार्य शुरू किया गया। जेसीबी द्वारा निर्माण स्थल पर उगे हुए झडियों को साफ करने का कार्य शुरू किया गया। खबर लिखे जाने तक स्थानीय कृषको व विरोधी संगठनो द्वारा कोई विरोध नही किया गया पुलिस द्वारा स्लाटर हाउस का विरोध कर रहे लोगो को पूर्व में ही थाने बुलाकर सूचित कर दिया गया था कि अगर किसी भी संगठन या व्यक्ति द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के आदेशानुसार बन रहे स्लाटर हाउस का विरोध किया गया तो उसके विरूद्व कठोर कानूनी कार्यवाही की जायेगी जिसके चलते कोई भी संगठन या स्थानीय कृषक मौके पर विरोध करने नहीं पहुचा था पुलिस की मौजूदगी में आई0ए0टी0यू0 ओवरसीज प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी के कर्मी जेसीबी की सहायता से कार्य कर रहे है तथा उनकी सुरक्षा हेतु प्रभारी थानाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह अधिकारी मय फोर्स के मौजूद रहे। वही खुफिया विभाग भी निर्माण कार्य को लेकर सक्रिय रहा। आई0ए0टी0यू0 ओवरसीज प्राईवेट लिमिटेड कम्पनी नगर पंचायत केलाखेडा से अनुबंधित आधुनिक स्लाटर हाउस का निर्माण करने हेतु निरन्तर प्रयासरत है स्थानीय स्तर पर आस-पास के ग्रामीणो व संगठनो द्वारा स्लाटर हाउस के खिलाफ लगातार विरोध प्रदर्शन किया जाता रहा है जिसके चलते कई बार टकराब की स्थिति पैदा हो चुकी है। आईएटीयू ओवरसीज प्राईवेट लिमिटेड के डायरेक्टर इकरार हुसैन द्वारा संगठनो व स्थानीय कृषको के विरोध के चलते इस सन्दर्भ में माननीय उच्च न्यायलय उत्तराखण्ड में रिट पिटीशन संख्या 2486/2021दायर की थी जिसके सन्दर्भ में उच्च न्यायालय द्वारा आई0ए0टी0यू0 ओवरसीज प्राईवेट



लिमिटेड को सुरक्षा प्रदान करने के आदेश पारित करते हुए स्लाटर हाउस का निर्माण भी पुलिस अभिरक्षा में कराने के निर्देश दिये गये थे आदेशो के अनुपालन में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर द्वारा थानाध्यक्ष केलाखेडा को कडे निर्देश देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय के आदेशो का अक्षरत: अनुपालन सुनिश्चित कराने के आदेश दिये।

# उत्तराखंड में अब मुस्लिम भी थामेंगे भाजपा का 'झंडा'

## एक्शन में भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, आगामी आम चुनाव तक एक लाख मोदी मित्र बनाने का लक्ष्य

-अर्श-

रूद्रपुर। उत्तराखंड में पिछले दिनों लव जिहाद और लैंड जिहाद के विभिन्न मामलों पर सरकार की सख्त कार्यवाही एवं पिछले दिनों सूबे के पर्वतीय क्षेत्रों में मुस्लिम समुदाय के विरुद्ध छेड़ी गई मुहिम के परिणाम स्वरूप अल्पसंख्यकों के बीच बने, भाजपा विरोधी वातावरण को लेकर भारतीय जनता पार्टी अब संजीदा हो गई जान पड़ती है और पार्टी ने डैमेज कंट्रोल की कोशिशें आरंभ कर दी है। इसके लिए भाजपा अप्रैल माह में उत्तर प्रदेश के देवबंद से आरंभ किए गए 'मिशन मोदी मित्र' को अब देवभूमि भी शुरू करने जा रही है ।देवभूमि में मिशन मोदी मित्र को गति देने के लिए प्रदेश भाजपा ने अपने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को पूरी तरह सक्रिय कर दिया है और 2024 में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव के पूर्व तक उत्तराखंड में लगभग एक लाख मोदी मित्र बनाने का लक्ष्य टारगेट अपने अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ को दिया है। बता दें कि भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने इसी साल 23 अप्रैल को मोदी मित्र योजना लॉन्च की थी, जिसके अंतर्गत सबसे पहले यूपी के देवबंद के 150 मुस्लिम बुद्धिजीवियों को मोदी मित्र बनाया गया ।भाजपा ने इन लोगों को मोदी मित्र सर्टिफिकेट बांटे, साथ ही केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देकर , उनका लाभ उठा रहे मुस्लिम लाभार्थियों से संवाद भी किया। भाजपा असल में मोदी मित्र अभियान की मदद से उन लोगों को जोड़ने की कोशिश कर रही है, जो पार्टी से भी नहीं जुड़े हैं और न ही किसी और दल से उनका जुड़ाव है । इस अभियान के द्वारा भारतीय जनता पार्टी यह संदेश देना चाहती है कि



मुस्लिमों का एक पढ़ा-लिखा वर्ग पार्टी के साथ है। वैसे तो बीजेपी ने मोदी मित्र की मदद से देश की मुस्लिम बाहुल्य 65 लोकसभा सीटों को साधने की योजना बनाई थी, लेकिन अब पार्टी नेतृत्व का विचार है कि इस योजना को अधिक से अधिक लोकसभा क्षेत्रों में विस्तार दिया जाए। पार्टी के इसी विचार को आमली जामा पहनाए जाने की कोशिशों में जुटे भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अल्पसंख्यकों खासकर मुस्लिम समुदाय के सबसे बड़े हितैषी हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि मुस्लिम समुदाय में भी काफी लोग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पसंद करते हैं ,लिहाजा प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में रहने वाले मुस्लिम समुदाय के लोगों को पार्टी से जोड़ा जाएगा, ताकि सबका साथ सबका विकास का पीएम मोदी का नारा सार्थक हो सके। उन्होंने आगे बताया की मोदी मित्र ऐसे मुस्लिम लोगों को बनाया जा रहा है ,जो पीएम मोदी की कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार प्रचार कर सके , लेकिन ये मोदी मित्र पार्टी कैडर का पार्ट नहीं होंगे। इन्हें केवल सपोर्ट बेस के तौर पर रखा जाएगा और हम इन मोदी मित्रों से हमेशा संपर्क में रहेंगे, उनकी जानकारी हमारे पास होगी । हम मोदी मित्रों के पास पीएम और सरकार का हर संदेश पहुंचाएंगे। इस योजना के तहत हर लोकसभा में करीब 5 हजार मोदी मित्र बनाने का जिम्मा एक प्रभारी और 30 सह प्रभारियों को सौंपा जाएगा और हर लोकसभा में 750 मोदी मित्र सर्टिफिकेट दिए जाएंगे। अल्पसंख्यक मोर्चा ने आगे बताया कि हम वकील, अकाउंटेंट, मीडियाकर्मी, प्रोफेसर, डॉक्टर और अन्य मुस्लिम प्रोफेशनल से संपर्क करेंगे। ये ऐसे लोग हैं जो बीजेपी का हिस्सा नहीं बनना चाहते, लेकिन पीएम मोदी के काम की सराहना करते हैं। इस क्रम में मोर्चाध्यक्ष ने उत्तराखंड में 2024 लोकसभा चुनाव तक एक लाख मोदी मित्र बना लेने का दावा किया भी किया।

श्री बांके बिहारी की कृपा से

श्री ब्रज चौरासी कोस परिक्रमा एवं श्री खाटू श्याम यात्रा

दिनांक-30 जुलाई से 10 अगस्त 2023 तक

● AC वाल्वो बस ● विभिन्न मन्दिरो के दर्शन
● भोजन की सुविधा ● ठहरने की उचित व्यवस्था

प्रति व्यक्ति किराया मात्र 15,000/- रूपये

यात्रा के लिये श्री मन्दिर मनकामेश्वर मन्दिर, श्याम टाकीज रोड,रूद्रपुर से 30 जुलाई को वाल्वो एसी बस जा रही है। इस परिक्रमा यात्रा में जो भी श्रद्वालु जाने का इच्छुक हो, वह निम्न मोबाईल नम्बर पर सम्पर्क कर अपनी सीट सुरक्षित करा सकता है।

सम्पर्क करे-7248133444,8476003072

# कौशल्या एनक्लेव में महिलाओं ने भजनों से किया शिव का गुणगान

रूद्रपुर (उद संवादाता)। पावन श्रावण मास के अवसर पर नगर के अनेक मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए जा रहे हैं। श्रावण मास के प्रथम सोमवार को गत सायं गंगापुर मार्ग स्थित कौशल्या एनक्लेव कालोनी में स्थित श्री कौशल्या मंदिर में कालोनी की महिलाओं द्वारा भजन कीर्तन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने ढोलक, मंजीरे व तालियों की थाप पर कई सुंदर भजनों को गाकर भगवान शिव शंकर की महिमा का गुणगान किया। भगवान शिव की बारात के भजन के दौरान महिलाओ ने भोले बाबा के जयघोषों के साथ जमकर नृत्य किया। भजन कीर्तन का क्रम देर सायं तक चलता रहा। अंत में भगवान शिव की आरती की गई और प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर श्रीमती हेमा गोस्वामी, श्रीमती कंचन हर्बोला, श्रीमती सावित्री बहुगुणा, श्रीमती पुष्पा नेगी, श्रीमती मंजू खेड़ा, रेनू श्रीमती ज्योति श्रीमती मोनिका श्रीमती रेनू, श्रीमती बम, श्रीमती मिश्रा आदि सहित अनेकों महिलाएं उपस्थित थी।



# हाईस्कूल और इंटर के टॉपर्स बच्चों को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रूद्रपुर सांस्कृतिक मंच की ओर से शहर के एक होटल में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में शहर के विभिन्न विद्यालयों के हाईस्कूल और इंटरमीटिएड परीक्षा के टॉपर्स छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह का शुभारम्भ मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा, विशिष्ठ अतिथि कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा रूद्रपुर सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष सुधांशु गावा कार्यक्रम संयोजक केवल कृष्ण बत्रा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिव अरोरा ने रूद्रपुर सांस्कृतिक मंच द्वारा प्रतिभाओं को निखारने के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा विगत लम्बे समय से जो कार्य किये जा रहे हैं वह सराहनीय हैं। ऐसे कार्यों से अन्य संस्थाओं को भी प्रेरणा लेने की जरूरत है। उन्होंने टॉपर्स छात्र-छात्राओं का हौंसला बढ़ाते हुए कहा कि हाईस्कूल इंटर की परीक्षा में टॉप करना ही पर्याप्त नहीं हैं बल्कि इस सफलता को आगे भी बरकरार रखना होगा तभी आप किसी मंजिल को प्राप्त कर सकते है। उन्होंने कहा कि जो भी लक्ष्य आपना चुना है उस पर फोकस करें और उसके लिए पूरी तैयारी के साथ जुट जायें। सफलता निश्चित ही एक दिन आपके कदम चूमेगी। कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि युवा पीढ़ी देश का भविष्य है उन्हें सही दिशा मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि माता पिता बच्चों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार भी दें ताकि वह सफल इनसान ही नहीं बल्कि एक अच्छा नागरिक भी बनें। इस अवसर पर अतिथियों ने उत्तराखण्ड बोर्ड 10वीं परीक्षा में आर्य कन्या इंटर कालेज की टॉपर प्रियंक भारद्वाज, सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज के रोहित पाण्डे, टॉपर्स पूजा शर्मा, सुकांत मण्डल, कृष्णा इंटर कालेज की शालिनी सिंह और रेनू गुप्ता, गुरूनानक इंटर कालेज की पलक सारस्वत, चांदनी और प्रीति कुमारी, जनता इंटर कालेज के आकाश सरकार, रिशभ राठौर, सिब्बु सरकार, सनातन धर्म कन्या इंटर कालेज की शिवानी, रिया, जीजीआईसी फाजलपुर महरौला की के सूर्यांश यादव, कोलम्बस स्कूल की गौरी गगनेजा, भारतीयम इंटरनेशनल स्कलू के तनमय शुक्ला, जवाहर नवोदय विद्यालय के हृदयेश नारंग, जेसीज स्कूल की तौफीका, होली चाइल्ड के आदित्य अधिकारी, लालपुर पब्लिक स्कूल के सचिन चन्द, स्टोर रिड्ज स्कूल की भव्यांशी शर्मा, एमेनिटी झा, आरएएन बिलासपुर के धैर्य अरोरा, वंश पोपली, आरएएन भूरारानी के रिशित सैनी, जपनीत कौर, गौरी कन्याल, आयुष पसरीचा, आरव खेड़ा, भारतीयम स्कूल की अनुष्का अग्रवाल, यशराज सिंह, कशिशि अग्रवाल, नवोदय विद्यालय के अनुज गंगवार, पियूष पाहवा, जेसीज स्कूल के की पलक सिंह, और मान्या अरोरा को मंच पर अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम संयोजक केवल कृष्ण बतरा एवं रूद्रपुर सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष सुधांशु गावा सहित अन्य पदाधिकारियों ने कार्यक्रम में पहुंचे अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह





कृष्णा इंटर कालेज के सुमित कुमार, श्री गुरूनानक गर्ल्स इंटर कालेज की प्रियंका गंगवार, जनता इंटर कालेज की श्रेश्यांशी पाण्डे, सनातन धर्म गर्ल्स इंटर कालेज की छवि अग्रवाल, जीजीआईसी फाजलपुर महरौला की शबीना, भंजु राम इंटर कालेज की नेहा तथा उत्तराखण्ड बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में आर्य कन्या इंटर कालेज की कृष्णा कुमारी, मुस्कान वर्मा, भंजू राम इंटर कालेज की मीनाक्षी और नीरज सिंह नेगी को मंच पर सम्मानित किया गया। सीबीएसई बोर्ड दसवीं में रेनबो स्कूल के टॉपर कुनाल रावत, गुरूनानक हायर सेकेंडी स्कूल की निशा सिंह, आरएएन बिलासपुर की सीरत कौर, कार्तिक अग्रवाल, माउंट लिट्रा जी स्कूल की अक्सरा कम्बोज, आरएएन भूरारानी पब्लिक स्कूल के विनायक बंसल, डीपीएस स्कूल के आर्यवीर सिंह रावत, सेंट मेरी स्कूल की स्तुति कार्की, अटल उत्कर्ष एएनझा इंटर कालेज की अंशु को सम्मानित किया गया। सीबीएसई बोर्ड 12वीं में रेनबो स्कूल के टॉपर्स अनिकेत स्वरूप और सहजप्रीत कौर, गुरूनानक हायर सेकेंडी सकल के निखिल यादव, कनक पाल और माही आर्यमान विज, निखिल कुमार, तनुश्री जोशी,कोलम्बस स्कूल के मानस मिश्रा, शालिनी मेहर, असना खान, एमेनिटी स्कूल के अंगद चंदी, अर्चित गंडा, जिया शर्मा, होली चाइल्ड स्कूल की बाणी खुराना, महक अग्रवाल, जसमीत कौर, डीपीएस की दृष्टि अदलखा, अमनप्रीत कौर चावला, उन्नति सक्सेना, एवं सेंटर मेरी स्कूल भेंट किये। संचालन मोहित बत्रा ने किया। इस अवसर पर सौरभ चिलाना , उमेश पसरीचा ,विवेक सक्सेना, महामंत्री मनोज खेड़ा ,कोषाध्यक्ष दीपक अरोरा, उपाध्यक्ष पवन गाबा पल्ली ,राजेश कामरा ,अमित बांगा,जतिन नागपाल , गार्गी सरदाना , सोनू चावला , सुमित बांगा , सिद्धार्थ सरदाना, राजीव ग्रोवर समेत तमाम लोग मौजूद रहे।









# हरेला पर्व पर प्रदेश में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाए : सीएम

## सीएम धामी ने की वन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई अल्प,मध्य एवं दीर्घकालिक रोडमैप की समीक्षा



देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को सचिवालय में सशक्त उत्तराखण्ड / 25 के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वन विभाग एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा तैयार की गई अल्प, मध्य एवं दीर्घकालिक रोडमैप की समीक्षा की। वन विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कैम्पा के तहत होने वाले कार्यों में और तेजी लाई जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि कैम्पा के तहत प्राप्त हो रही धनराशि का समय पर एवं सही तरीके से उपयोग हो। मुख्यमंत्री ने वन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हरेला पर्व पर प्रदेश में व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण किया जाए। फलदार एवं औषधीय पौधों के रोपण पर विशेष ध्यान दिया जाए और इस हेतु सामाजिक संगठनों एवं लोगों का पूरा सहयोग लिया जाए। लोक निर्माण विभाग की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में पर्यटन के क्षेत्र में हो रहे विकास, मन्दिर माला मिशन के तहत हो रहे कार्यों व विभिन्न शहरों के विकास व भविष्य की सम्भावनाओं को देखते हुए निर्माण व विस्तार की दिशा में कार्य किए जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सड़क निर्माण के साथ ही ड्रेनेज की व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जाएं। निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि रोड कटिंग के समय प्राकृतिक जल स्रोत प्रभावित न हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी पुराने पुलों का भी सर्वे किया जाए व सड़क निर्माण हेतु वन भूमि के प्रकरण चल रहे हैं, उनके समाधान के लिए कार्यों में और तेजी लाई जाए। उन्होंने सचिव लोनिवि को निर्देश दिए कि विभाग की ओर से भारत सरकार को जो भी प्रस्ताव भेजे जाने हैं, वे शीघ्र उपलब्ध कराए जाएं। बैठक में वन मंत्री श्री सुबोध उनियाल, अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, सचिव डॉ. पंकज कुमार, प्रमुख वन संरक्षक(हॉफ) श्री अनूप मलिक, अपर सचिव श्री विजय कुमार जोगदाण्डे, लोक निर्माण एवं वन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।




## नदी से बरामद हुआ लापता किसान का शव

गदरपुर(उद संवाददाता)। नदी के तेज बहाव में बहे बुजुर्ग किसान का शव काफी मशक्कत के बाद गांव के निकट नदी से बरामद किया गया। बता दें कुईखेड़ी निवासी बुजुर्ग किसान जोगेंद्र सिंह अपने भतीजे जगतार सिंह के साथ 8 जुलाई को मवेशियों को चराने के लिए घर से निकले थे। मवेशी और भतीजा जगतार सिंह नदी के उस पार पहुंच गए और जोगिंदर सिंह पीछे रह गए थे। जब जगतार सिंह ने मुड़कर देखा तो जोगेंद्र सिंह उसे दूर-दूर तक कहीं दिखाई नहीं दिए तो उसने सोचा कि जोगिंदर सिंह (ताऊ) घर वापस चले होंगे, घर पहुंचने के पश्चात देर शाम जब परिजनों ने उससे ताऊ जोगेंद्र सिंह के बारे में पूछा तो उसने बताया कि ताऊ वहा मुझे कहीं दिखाई नहीं दिए, मैने सोचा कि ताऊ वापस घर चले होंगे। जोगिंदर सिंह के ना मिलने पर परिजनों के हाथ पैर फूल गए, परिजनों व ग्रामीणों ने आसपास के गांव में काफी खोजबीन की, खोजबीन करने के पश्चात कोई सुराग हाथ ना लगने पर रविवार को ग्रामीणों ने इसकी सूचना गदरपुर थानाध्यक्ष राजेश पांडेय को दी। मूसलाधार वर्षा होने से नदी का अधिक जलस्तर होने के कारण उन्होंने इसकी सूचना जल पुलिस और एनडीआरएफ के जवानों को दी। देर शाम तक जोगिंदर सिंह की तलाश की गई। लेकिन पानी ज्यादा होने से कोई सुराग नहीं लग पाया। घटना की जानकारी मिलने पर एसडीएम राकेश तिवारी भी मौके पर पहुंचे। टीम द्वारा काफी मशक्कत के बाद भी देर रात तक कोई सुराग नहीं लग पाया। सोमवार को गांव बेवक्तता रामपुर उत्तर प्रदेश में शव नदी में दिखाई दिया। इस पर ग्रामीणों ने इसकी सूचना रामपुर पुलिस को दी। रामपुर पुलिस मौके पर पहुंची। उनके पास नदी में उतरने का कोई साधन नहीं होने के कारण गदरपुर पुलिस को सूचना दी गई। गदरपुर पुलिस ने एनडीआरएफ 15वीं बटालियन के मुख्यालय को इसकी सूचना दी। सूचना पर एनडीआरएफ के जवान ग्राम बेवक्त आ पहुंचे और बोर नदी से उसके शव को बरामद कर लिया। थानाध्यक्ष राजेश पांडेय ने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। उसके बाद पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। शव मिलने से परिजनों में कोहराम मच गया।



## बदहाल सड़क पर धान लगाकर जताया आक्रोश

गदरपुर(उद संवाददाता)। 30 साल से बदहाल सड़क के निर्माण की मांग को लेकर बच्चे बुजुर्ग और नौजवानों ने सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए सड़क पर धान लगाया। ग्रामीणों का कहना था कि अगर जल्द सड़क का निर्माण नहीं किया गया तो वह तहसील में धरना प्रदर्शन भी करेंगे। सोमवार को ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी के नेतृत्व में तीन गांव के दर्जनों बच्चे बुजुर्ग और नौजवान ग्राम चुनपुरी के पास क्षतिग्रस्त सड़क पर एकत्र हुए। यहां पर उन्होंने प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए सड़क पर धान की रोपाई की। इस मौके पर ग्रामीणों को संबोधित करते हुए ग्राम प्रधान प्रतिनिधि शराफत अली मंसूरी ने कहा कि बिना जुताई किए सड़क पर ध्यान लगाया लगाया जा सकता है कि सड़क कितनी क्षतिग्रस्त है। उन्होंने कहा कि अगर शीघ्र सड़क का निर्माण नहीं किया गया तो तहसील में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान किसान नेता सुरजीत सिंह डाबर का कहना था कि 10 वर्षों से मुख्यमंत्री पोर्टल, प्रधानमंत्री पोर्टल एवं सभी विभागों को सड़क के निर्माण के लिए पत्र लिखा गया था लेकिन अभी तक कुछ नहीं हुआ। उन्होंने कहा शीघ्र ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा जाएगा। परमजीत कौर का कहना था कि सड़क के क्षतिग्रस्त होने से स्कूल में बच्चे पढ़ाई को भी नहीं जा पा रहे। सड़क खराब होने के कारण कोई भी स्कूल बस या अन्य साधन स्कूल में नहीं भेजना चाहता। उन्होंने कहा कि बाइक पर भी बच्चों को भेजना खतरनाक है कि कहीं भी बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो जाए और बच्चों को चोट लग जाये। उन्होंने कहा कि शीघ्र सड़क का निर्माण किया जाये नहीं तो बच्चों के साथ सड़क पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शन करने वालों में शराफत अली मंसूरी, सुरजीत सिंह डाबर, कुलवंत सिंह, परमजीत सिंह, गुरदीप सिंह, अमरजीत कौर, राज कौर, जसविंदर कौर, गगन कौर, शीला कौर जय नंदू देवी, गुरमीत कौर, हरबंस सिंह, ममता देवी सहित काफी संख्या में ग्रामीण एवं बच्चे शामिल थे।





# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बारिश की तबाही और जलभराव

पिछले तीन दिनों की बरसात में पहाड़ों से लेकर मैदानी इलाकों तक उत्तर भारत में हुई तबाही भविष्य के लिए बड़ी चेतावनी है। हालांकि बीते कई सालों से बरसात में ज्यादातर नदियों का विनाशकारी रूप देखने को मिलता रहा है, मगर इस साल की बरसात ने कुछ अधिक भयावह रूप दिखाया है। पहाड़ों पर नदियों के कई पुल बह गए, मैदानी हिस्सों में नदियां अपने खतरे के निशान से ऊपर बहने लगी हैं न जाने कितने घर बह गए, अभी तक तेईस लोगों के मारे जाने की खबरें हैं। इसके चलते कारोबार और खेती-किसानी पर जो बुरा असर पड़ रहा है, उसके आंकड़े अलग हैं। कई जगहों पर राहत और बचाव के लिए सेना को तैनात करना पड़ा है। छोटे शहरों की अपेक्षा महानगरों में अधिक परेशानी देखी जा रही है। अभी अगले कुछ दिन और बरसात होने की भविष्यवाणी है। इसलिए अत्याधुनिक कहे जाने वाले शहरों के लोग भयभीत हैं।मुहल्लों और सड़कों पर पानी जमा है, जिसके चलते लोगों का घरों से बाहर निकलना मुश्किल बना हुआ है। इस तरह शहरी नियोजन को लेकर भी गंभीर सवाल उठने लगे हैं। विपक्षी पार्टियों के लिए सत्ता पक्ष पर आरोप लगाने का मौका मिल गया है। मगर यह सवाल अपनी जगह है कि बरसात की वजह से हर साल उपस्थित हो जाने वाले इस संकट का स्थायी समाधान क्या है। बरसात तो पहले भी होती थी, बाढ़ भी आती थी, मगर ऐसी स्थिति कभी नहीं होती थी कि महानगरों में लोगों का घरों से बाहर निकलना दूभर हो जाए। दरअसल, पिछले कुछ सालों में बरसात का क्रम और रूप बदला है। पहले बरसात कई दिनों तक लगातार होती थी, अब कुछ घंटों की बारिश में ही सड़कें जलमग्न हो जाती हैं। इसका बड़ा कारण जलवायु परिवर्तन है। अब बरसात एकदम तेजी से होती है, बूंदों का आकार पहले की तुलना में काफी बड़ा हो गया है। फिर, जितना पानी दो-तीन दिनों में बरसा करता था, उतना कुछ ही घंटों में बरस जाता है, जिसके चलते अचानक पानी की मात्रा बढ़ जाती है और उसकी निकासी में काफी वक्त लग जाता है। इसका दबाव नदियों और बांधों पर भी पड़ता है।जहां पानी अधिक इकट्ठा हो जाता है, वहां के बांध खोल दिए जाते हैं, जिससे उन नदियों का जलस्तर भी एकदम से बढ़ जाता है, जहां बारिश कम या नहीं हुई होती है। जलवायु परिवर्तन का एक असर यह भी हुआ है कि कहीं तो खूब पानी बरस जाता है और कहीं सूखा होता है। इस तरह जिन इलाकों में बारिश नहीं होती वहां भी बाढ़ की स्थिति पैदा हो जाती है। ऐसे में बरसात की विभीषिका से निपटने के लिए कई स्तरों पर काम करने की जरूरत है। आज भी शहरों की जल निकासी व्यवस्था दशकों पहले की बरसात के अनुरूप है, जबकि अब की बरसात बिल्कुल अलग है। जिस तरह जलवायु संकट गहराता जा रहा है, उसमें बरसात की प्रकृति और बदलने के अनुमान हैं। ऐसे में शहरों की जलनिकासी व्यवस्था को बदलने, जल निकासी के स्रोतों पर कब्जा करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने और नदियों की जल संग्रहण क्षमता को बढ़ाने के उपायों पर सोचना होगा। इसी के समांतर जलवायु परिवर्तन के कारकों पर विराम लगाने की दिशा में गंभीरता से काम करना होगा। मगर जिस तरह कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने और कचरा प्रबंधन आदि के मामले में लापरवाही भरा रवैया नजर आता है, उसे देखते हुए बहुत उम्मीद नहीं जगती।

# जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़े का डीएम ने किया शुभारम्भ

रूद्रपुर( उद संवाददाता )। विश्व जनसंख्या दिवस पर जिला अस्पताल में गोष्ठी का आयोजन किया गया। साथ ही जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़े का भी शुभारम्भ हुआ। गोष्ठी और पखवाड़े का शुभारम्भ जिलाधिकारी उदयराज सिंह ने किया। गोष्ठी में बढ़ती जनसंख्या को कम करने को लेकर चर्चा की गई। गोष्ठी में वक्ताओं ने कहा कि देश की जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस पर लगाम लगाना जरूरी है। सीमित संसाधनों पर ही निर्भर रहकर बड़ी जनसंख्या के लिए सभी व्यवस्थाएं कर पाना मुश्किल है। जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण नहीं रख पाये तो आने वाले समय में एक विकराल समस्या उत्पन्न हो जाएगी। हमको अपने समाज अपने परिवार आदि को जागरूक करना होगा। अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने कहा कि विश्व में बढ़ती हुई जनसंख्या चिंता का विषय है जिस तेजी से विश्व में जनसंख्या बढ़ रही है उस हिसाब से संसाधन जुटाना मुश्किल होता जा रहा है वह दिन दूर नहीं जब इसी प्रकार से जनसंख्या बढ़ती रही तो खाद्यान्न और अन्य सुविधाओं की कमी विकराल रूप ले लेगी अगर हम भारत में ही देखें तो विश्व में भारत आबादी के मामले में दूसरे नंबर पर था लेकिन जिस तरह से हमारे देश में जनसंख्या लगातार बढ़ रही है तो हो सकता है आने वाले कुछ सालों



में हम चीन को पछाड़कर विश्व में पहले नंबर पर आ जाए और और हम विश्व में आर्थिक रूप से पिछड़ जाए। बढ़ती हुई जनसंख्या को नियंत्रण करने के लिए विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सरकार के द्वारा विश्व जनसंख्या नियंत्रण पखवाड़े का आयोजन किया गया है जिसमें लोगों को जागरूक करते हुए कम जनसंख्या के फायदों की जानकारी दी जाएगी। सरकार का उद्देश्य जनता को स्वेच्छा से सीमित परिवार के लिए प्रेरित करना है। सरकार कभी नहीं चाहती कि किसी भी प्रकार को जबरदस्ती से जनसंख्या नियंत्रण किया जाए, अपितु प्रत्येक नागरिक को इतना जिम्मेदार व समझ होनी चाहिए कि आज बढ़ती हुई जनसंख्या आने वाले कल मे कितना विकराल रूप धारण कर सकती है। एक तरफ तो विश्व में जनसंख्या बहुत तेजी से बढ़ रही है, दूसरी तरफ प्राकृतिक संसाधन तेजी से कम हो रहे हैं ऐसे में अधिक जनसंख्या के जीवन यापन में भयंकर कठिनाइयों का सामना आने वाले समय में करना पड़ सकता है।प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह अपने अधिकारों को समझें व अपने अच्छे जीवन यापन के लिए स्वयं की इच्छा से जनसंख्या नियंत्रण के बारे में विचार करें। बताया कि जिले भर में 24 जुलाई तक जनसंख्या दिवस पखवाड़ा मनाया जायेगा। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को जनसंख्या नियंत्रण के लिए जागरूक किया जायेगा। जिलाधिकारी ने जिला अस्पताल में लगाए गए परिवार नियोजन से संबंधित स्टालो का निरीक्षण भी किया। इस अवसर पर आईएएस अधिकारी अनामिका सिंह, सीएमओ डा. मनोज कुमार शर्मा, प्रमुख अधीक्षक डा. आर के सिन्हा, डिप्टी सीएमओ डा. हरेन्द्र मलिक, डा. एम के तिवारी डा. जयंत जोशी, मैनेजर डा. अजय वीर सिंह, एएनएम दीपा जोशी, डीएस भंडारी, पंकज गुसाई आदि मौजूद रहे।

# निगम पर लगाया भूमाफिया को लाभ पहुंचाने का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस पदाधिकारियों के एक शिष्ट मंडल ने मुख्य नगर आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने अटरिया रोड़ में जगतपुरा स्थित सार्वजनिक नजूल भूमिखण्ड में सरकारी खर्चे पर नगर निगम द्वारा एक भू माफिया को लाभ पहुंचाने का आरोप लगाकर मामले की जांच करने व मौके पर पुलिस बल तैनात करने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि नगर निगम द्वारा सरकारी बजट से धनराशि स्वीकृत कराकर अटरिया रोड पर जगतपुरा में सार्वजनिक भूमिखण्ड की चाहर दीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। परन्तु इस मंजूर भूमिखण्ड की सुरक्षा की दृष्टि से चाहरदीवारी के निर्माण में नगर निगम द्वारा किसी भू माफिया का निजी हित लाभ देने के उद्देश्य से उक्त सार्वजनिक नजूल भूमिखण्ड का कुछ हिस्सा छोड़कर चाहर दीवारी का निर्माण कराया जा रहा है। जो घोर आपत्तिजनक तथा सरकारी भूमि पर नगर निगम जानबूझकर किसी भू माफिया को लाभ



दे रहा है। इस संदर्भ में मेयर एवं सहायक आयुक्त नगर से बात की तो उन्होंने टाल मटोल की नीति अपनाकर कोई सन्तोषजनक उत्तर नहीं दिया और सरकारी खर्च पर बन रही चाहरदीवारी का निर्माण उक्त भूमिखण्ड का कुछ हिस्सा छोड़कर किया जा रहा है। जिस पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही किया जाना जनहित में एवं सरकारी सम्पत्ति को खुर्द बुर्द होने से बचाने के लिए नितान्त आवश्यक है। मौके पर इसका विरोध किया गया तो वहाँ पर झगड़ा एवं बलवा होने का आशंका बन गई। शिष्ट मंडल ने कहा कि उक्त प्रकरण में तत्काल प्रभावी कार्यवाही कर जितने क्षेत्रफल के लिए सरकारी धन आवंटित हुआ है, उतने क्षेत्रफल की मौके पर पैमाइश कराकर सार्वजनिक भूखण्ड को अतिक्रमण से मुक्त कराकर ही पूरे भूखण्ड की चाहरदीवारी कराने की कृपा करें तथा मौके पर पुलिस बल की तैनाती करा दी जाये ताकि वहाँ पर किसी प्रकार का झगड़ा एवं बलवा आदि न होने पाये। यदि तत्काल प्रभात से उक्त निर्माण कार्य को रुकवाकर पैमाइश नहीं करायी गयी तो जनविरोध ी कार्य होगा जिसके लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूर्ण रूप से जिम्मेदार रहेगा। शिष्ट मंडल में कांग्रेस महानगर अध्यक्ष सीपी शर्मा, सुमेर प्रजापति, पार्षद मोहन खेड़ा, सुनील आर्य व भूपेंद्र कुमार आदि शामिल थे।

# डीजीपी ने किया कांवड़ यात्रा व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिद्वार(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के डीजीपी अशोककुमार ने सावन के पावन माह में पवित्र गंगाजल लेने पहुंच रहे शिवभक्त कांवड़ियों का हालचाल जाना। डीजीपी ने कांवड़ मेला क्षेत्र में पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंगलवार को प्रात: डीजीपी उत्तराखंड अशोक ने धर्मपत्नी श्रमती अलकनंदा अशोक के साथ कनखल दक्ष मंदिर पहुंचकर मेले को सकुशल संपन्न कराए जाने हेतु पूजा अर्चना की उन्होंने कहा कि उत्तराखंड पुलिस कावंड़ यात्रा को सकुशल संपन्न करने के लिये मुस्तैदी से जुटी हुई है। कावंड़ यात्रियों में किसी भी यात्री को परेशानी नहीं होगी हरिद्वार में कांवड़ यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है यात्रियों में भारी उत्साह है। इस दौरान शिवभक्त कांवड़ियों ने डीजीपी के समक्ष हर हर गंगे और हर हर महादेव के जयघोष लगाये। मेला कंट्रोल भवन में इस दौरान डीजीपी अशोक कुमार ने सुपर जोनल एवं जोनल पुलिस अधिकारियों के साथ आज से शुरू हुई डाक कांवड़ के संबंध में समीक्षा बैठक



की। बारिश और बाढ़ जैसे हालात पर इमरजेंसी प्लान तैयार रखने के लिए एसएसपी हरिद्वार को निर्देशित किया मेला कंट्रोल रूम में मेले के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों एवं एसपीओ को सम्मानित किया। डीजीपी ने कहा कि पुलिसकर्मी विनम्र व्यवहार रखते हुए मुस्तैदी के साथ अपनी ड्यूटी करें, अगले कुछ दिन हमारे लिए चौलेंज, मेहनत से काम करना होगा। यात्रियों के आने और जाने के लिये यातायात व्यवस्था में व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिये।

# विधायक बेहड़ ने सुनी क्षेत्रवासियों की समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। जनसंवाद कार्यक्रम के तहत पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं विधायक तिलक राज बेहड़ के आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों ने अपनी समस्याएं रखी। जिस पर विधायक बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान के आदेश पारित किए।प्रत्येक सोमवार को विधायक बेहड के कार्यालय पर जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित होता है। जिसमें वह तमाम क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनते हैं। जिसको लेकर आज प्रात काल से ही उनके कार्यालय पर फरियादियों का तांता लगा रहा ।जिसमें क्षेत्रवासियों ने उन्हें राशन कार्ड, पेंशन, बिजली के बिल, पानी , स्वास्थ्य , शिक्षा जैसी तमाम समस्याएं उनके सामने रखी। पन्त कालोनी निवासी महेश चन्द्र पन्त तथा ममता गाबा ने आर्थिक मदद हेतु,वार्ड न०-02 से भगवान् देहि ,कुसमा,रेखा ,लक्ष्मी, अनीता,ओमवतीने सड़क निर्माण कराये जाने ,वार्ड न०-11 निवासी सुनीता तथा



अनीता ने राशन कार्ड हेतु ,छिनकी निवासी नासिर अली,रिहासत ,साजिदा,भूरे ,रोहित ,गुड्डू ,हनीफ आदि ने गाँव में 25 के०वी०ए० का विधुत ट्रान्सफार्मर लगाने,वार्ड न० 15 से निखिल ,जगदीश सक्सेना, विशाल गंगवाल ,पूरन लाल ने सड़क की समस्या ,आनंदपुर से रवि कुशवाह तथा नविन ने सड़क बनाने हेतु विधायक बेहड़ से आग्रह किया । बेहड ने सभी फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना कुछ समस्याओ का विधायक द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा सभी क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया की बाकी सम्बन्धित समस्याओं को अधिकारियों को भेजा जायेगा और इनका हर हाल में निस्तारण किये जाने का प्रयास किया जायेगा।

# जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण करने के दिए निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी रीना जोशी की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक जल सस्थान,जल निगम एवम यूपीसीएल के अधिकारियो के साथ संपन्न हुई। बैठक



में जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में चल रहे फेज-1 एवं फेज-2 के कार्यों की विकासखण्डवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को माह मार्च 2024 से पहले जल जीवन मिशन के कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश भी दिए।जल जीवन मिशन के अंतर्गत फेज-1 के कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि फेज-1 के जो कार्य स्कीम गतिमान है उन्हें शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा जो स्कीम पूर्ण हो गई हैं उनकी थर्ड पार्टी से सर्वे करवाने के बाद संबंधित ग्राम पंचायत को हैंड ओवर की कार्वाई प्रारम्भ कर दी जाय। बैठक में जल जीवन मिशन के अंतर्गत फेज-2 के कार्यों की समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि फेज -2 के अंतर्गत जो स्कीम/ कार्य पूर्ण हो गए हैं उन कार्यों का भी थर्ड पार्टी सर्वे करवाया जाए तथा जिन कार्यों के अभी तक टेंडर नहीं हुए हैं उनके टेंडर शीघ्र कर दिये जायें। उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करने को कहा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी, अधिशासी अभियंता जल निगम आरएस धर्मसत्तू, अधिशासी अभियंता जल संस्थान सुरेश जोशी, यूपीसीएल नितिन गरखाल सहित जल संस्थान एवं जल निगम के कर्मचारी उपस्थित थे।

# रानीबाग नैनीताल रोपवे परियोजना के कार्यो निरीक्षण करें: डीएम

नैनीताल (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना ने सोमवार को जिला कार्यालय नैनीताल में नैनीताल जनपद के अन्तर्गत स्वीकृत रानीबाग-नैनीताल रोप-वे परियोजना के सम्बन्ध मे सम्बन्धित कार्यदायी संस्था एवं अधिकारियों से विस्तार से जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में कार्यदायी संस्था द्वारा प्रजेंटेशन के माध्यम से अब तक किये गये प्री फीजिबिलिटी सर्वे की जानकारी डीएम को दी। उन्होंने बताया कि सर्वे का कार्य किया गया है जिनमें रानीबाग से नैनीताल प्रस्तावित रोप-वे की लम्बाई 11.45 किमी एवं रानीबाग, ज्योलीकोट व हनुमानगढ़ी में आवा-जाही हेतु तीन स्टेशन स्थापित किये जायेंगे इसके अलावा डीपीआर निर्माण का टेंडर भी कर दिया गया है। बैठक में डीएम ने कार्यदायीं संस्था को निर्देश दिये हैं कि रोप-वे निर्माण के दौरान आवा-जाही हेतु स्टेशन स्थापित भूमि हस्तान्तरण, टॉवर, विद्युत पोल हटाने आदि के



सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ समन्वय बनाते हुए समयबद्ध कार्य करना सुनिश्चित करें इसके अलावा स्टेशन में यातायात व्यवस्था हेतु पार्किंग की व्यवस्था का भविष्य की जरूरतों को देखते हुए सर्वे करने के निर्देश दिये। उन्होंने उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये हैं कि प्रस्तावित रोप-वे में आने वाली भूमि का भंति-भांति निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। बैठक में अध्यक्ष व्यापार मण्डल, होटल एसोशिएशन के पदाधिकारियों के साथ रोप-वे के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा परिचर्चा की गई। बैठक में उपजिलाधिकारी राहुल साह, कुमाऊँ मण्डल विकास निगम महाप्रबन्धक एपी बाजपेई, महाप्रबन्धक उद्योग सुनील पंत, नगरपालिका अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल, कार्यदायीं संस्था एनएचआई विकास मित्तल, जितेश गुप्ता, व्यापार मण्डल अध्यक्ष मारुती नन्दन साह, अध्यक्ष होटल एसोशिएशन दिग्विज बिष्ट, पर्यटन, परिवहन अधिकारी के अलावा सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

# युवती से छेड़छाड़ और आत्महत्या करने के मामले का महिला आयोग ने लिया संज्ञान

देहरादून(उद संवाददाता)। चक्कूवाला में एक मन्दिर में पुजारी द्वारा 14 वर्षीय युवती से छेड़छाड़ करने व डालनवाला क्षेत्र में एक युवती द्वारा दहेज प्रताड़ना व घरेलू हिंसा के चलते की गयी खुदकुशी के मामले में उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने खबर मिलते ही स्वत: संज्ञान लिया है। जानकारी के मुताबिक महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल को पता चला कि चक्कूवाला स्थित एक मन्दिर में किसी पुजारी द्वारा 14 वर्षीय युवती से छेड़छाड़ करते हुए उसके गाल पर काटा है और अभद्रता की है उन्होंने तत्काल इस मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए डीआईजी पी रेणुका से फोन पर वार्ता की और कहा कि यह बहुत ही संवेदनशील मामला है और अत्यंत शर्मनाक है उन्होंने कहा कि इस घटना में जांच होनी चाहिए तथा उस घटिया मानसिकता के व्यक्ति के विरुद्ध जल्द से जल्द कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए। साथ ही राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष ने डालनवाला क्षेत्र में 2 दिन पूर्व एक पीड़िता द्वारा दहेज उत्पीड़न व घरेलू हिंसा से तंग आकर आत्महत्या के मामले में शीघ्रता से कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि उन्हें जानकारी मिली कि आरोपी पक्ष स्वतंत्र घूम रहा है और मृतक पीड़िता का परिवार न्याय के लिए भटक रहा है ऐसे मामलों में तत्काल गिरफ्तारी और पूछताछ होनी चाहिए और आरोपी के विरुद्ध जांच करते हुए विभिन्न धाराओं में कड़ी कार्यवही की जानी चाहिए। जिस पर डीआईजी पी रेणुका ने बताया कि मन्दिर में छेड़छाड़ करने वाले पुजारी पर पोक्सो के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है तथा डालनवाला क्षेत्र में आत्महत्या करने वाली पीड़िता के ससुराल पक्ष के आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने कहा है कि किसी भी पीड़िता की आत्महत्या का कदम नही उठाना चाहिए यदि किसी महिला को इस प्रकार से प्रताड़ित किया जा रहा हो तो उसे उसकी शिकायत करनी चाहिए और उसके विरुद्ध कानूनी कदम उठाना चाहिए। राज्य की पुलिस ऐसी पीड़िताओं के लिए तत्काल उपलब्ध है, बशर्ते पीड़िता को 112 या आपातकाल के नंबरों में इन मामलों की सूचना अवश्य देनी चाहिए। और यदि इन मामलों में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नही की जाती तो उनकी शिकायत राज्य महिला आयोग में ूंजेंचच (8126774374) और ईमेल से भी कर सकती है। राज्य महिला आयोग प्रदेश की महिलाओं के हित में और पीड़िताओं के संरक्षण में उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है।

# राजभवन में जल्द शुरू होगा स्मार्ट ऑटोमेशन सिस्टम

देहरादून (उद संवाददाता)। राजभवन में जल्द ही एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित स्मार्ट ऑटोमेशन सिस्टम प्रारंभ किया जाएगा। स्मार्ट ऑटोमेशन सिस्टम के पहले चरण में ऑनलाईन गेट-पास तथा ई-इन्विटेशन सिस्टम शुरू किया जाएगा। इसके अंतर्गत राजभवन आने वाले आगंतुकों को गेट पास के लिए लाईन में नहीं लगना पड़ेगा। गेट में लगा वेब कैमरा उनकी पहचान करेगा और वेरीफाई होने के बाद उन्हें एंट्री मिल जाएगी। आगंतुकों द्वारा कहीं से भी राजभवन आने के लिए ऑनलाइन अप्लाई किया जा सकेगा। ई-इन्विटेशन सिस्टम के माध्यम से विभिन्न राजकीय समारोहों में राजभवन से आमंत्रित किए जाने वाले महानुभावों को ई-आमंत्रण प्रेषित किया जाएगा जिसका लिंक वह एंट्री गेट में दिखाकर राजभवन में प्रवेश कर सकेंगे। राजभवन में शुरुआती चरण में ऑनलाइन गेट-पास सिस्टम तथा ई-इन्विटेशन सिस्टम शुरू किया जाएगा। इसके बाद स्मार्ट ऑटोमेशन सिस्टम पर आधारित अन्य प्रक्रियाएं शुरू की जाएंगी। यह सिस्टम एनआईसी द्वारा यूपीईएस विश्वविद्यालय के सहयोग से विकसित किया जा रहा है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) की अध्यक्षता में राजभवन में एआई आधारित स्मार्ट ऑटोमेशन सिस्टम के संबंध में हुई बैठक में यह जानकारी दी गई। राज्यपाल ने एप विकसित किए जाने हेतु एनआईसी के अधिकारियों से विचार-विमर्श किया। उन्होंने राजभवन में एआई आधारित पोर्टल तथा मोबाइल एप विकसित किए जाने हेतु अपनी प्राथमिकताओं को समयबद्ध रूप से पूर्ण किए जाने की अपेक्षा की। उन्होंने निदेशक आईटीडीए अधिकारियों को एआई प्रोजेक्ट को समयबद्ध रूप से पूर्ण करने हेतु रोडमैप बनाने के निर्देश दिए। इस बैठक में सचिव आईटीडीए शैलेश



बगौली, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, निदेशक आईटीडीए नितिका खंडेलवाल, एसआईओ एनआईसी आशीष अग्रवाल, यूपीईएस विश्वविद्यालय के प्रो. प्रिया रंजन, वरिष्ट प्रोग्रामर राजभवन वी. एस. पुंडीर आदि उपस्थित रहे।

# विधायक ने मृतक कावंड़ यात्री के परिजनों को बंधाया ढांढस

रुद्रपुर। कांवर लेने के लिए हरिद्वार जा रहे सुभाष कॉलोनी निवासी बादल साहनी पुत्र राजू साहनी की काशीपुर कुंडा क्षेत्र के पास दुर्घटना में मौत की सूचना पर विधायक शिव अरोरा ने उनके निवास स्थान पहुँचकर ढांढस बंधाया। विधायक ने कह कि इस प्रकार से जवान बेटे की मृत्यु किसी भी परिजनों के लिये बेहद पीड़ादायक समय है उन्होंने दिवगंत आत्मा की शांत के लिये प्रार्थना की। विधायक ने कहा इस घटना के सन्दर्भ में काशीपुर एसपी सिटी अभय प्रताप से वार्ता की है और दोषी ट्रक चालक को जल्द से जल्द पकड़ने के लिए कहा है। विधायक कहा कि इस दुख की घड़ी में वह परिवार के साथ खड़े हैं और हर सम्भव मदद के करने का प्रयास किया जायेगा। इस दौरान ललित बिष्ट, रजत दीक्षित, मयंक कक्कड़, प्रमोद कुमार, राजवीर, प्रेम सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।



# स्वरोजगार योजना शिविर में 100 प्रतिभागियों ने किया प्रतिभाग

गदरपुर(उद संवाददाता)। विकास खंड सभागार में मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना/अतिसूक्ष्म के अन्तर्गत जागरुकता शिविर का आयोजन खंड विकास अधिकारी शेखर जोशी की अध्यक्षता में हुआ। शिविर में 100 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। शिविर में जिला उद्योग केन्द्र से आये प्रशासनिक अधिकारी रमेश सिंह बिष्ट ने मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना/मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना अतिसूक्ष्म के बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिसमें बताया गया कि 50 हजार रुपये ऋण पर 30 प्रतिशत की छूट मिल रही है। इस शिविर में 25 आवेदन प्राप्त कर 10 ऑनलाइन किये गये। शिविर में एडीओ श्रीमती शुभाषिनी, तौफीक मियां, श्रीमती राधा रानी, सुभाष के अतिरिक्त ग्राम्य विकास विभाग, उद्यान विभाग, पर्यटन विभाग, डेरी विभाग टीएस एनजीओ विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौजूद थे।




# दहेज की मांग पूरी नही होने पर विवाहिता को बच्ची सहित निकाला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ढ़ाई लाख रूपये और दहेज मांग पूरी न होने पर ससुरालियों द्वारा विवाहिता को दूधमुंहीं बच्ची के साथ घर से निकाल दिया गया। महिला हेल्प लाईन के निर्देश पर पुलिस ने पीड़िता की ओर से आरोपी ससुरालियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज रपट में पीड़िता ने कहा है उसका विवाह 14 जून 2020 को अरविन्द कुमार पुत्र राजेंद्र प्रसाद निवासी केंचु टांडा थाना अमरिया जिला पीलीभीत के साथ हुआ। विवाह में माता पिता व रिश्तेदारों ने अपनी हेसियत के अनुसार सामान, मोटरसाईकिल जेवर, व 2 लाख रुपये आदि देकर ससुराल विदा किया। विवाह के कुछ समय बाद पति अरविन्द कुमार, ससुर राजेंद्र प्रसाद ,सास खेमा देवी, ननद प्रियंका देवी और काजल, नंदोई सोनू और ओमकार, देवर दीपक उसको दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। आरोप है 11 जून 2022 को उसके पिता व भाई को ससुराल बुलाया और 2. 50 लाख रूपये की मांग करने लगे। थाना अमरिया के प्रभारी द्वारा राजीनामा करा दिया गया। कुछ दिन बाद पति व ससुरालीजन ने उसका सारा सामान कब्जे में लेकर उसके खाते से 50 हजार रुपए निकल कर जान से मारने की धमकी दी और उसको मायके में छोड़ दिया। 14 मार्च 2023 ससुराली उसके मायके आये और उससे दहेज की मांग कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर चला गया। प्रार्थनी अपनी डेढ़ साल की लड़की को लेकर मायके में रह रही है। पुलिस ने मामले पर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ससुरालियों पर लगाया मारपीट का आरोप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एक महिला ने अपने ससुरालियों पर स्वयं के साथ ही अपने माता पिता व भाई के साथ मारपीट करने का आरोप लगाते हुए रपट दर्ज कराई है। दर्ज रपट में पिन्की पत्नी मुकेश निवासी रेशमबाड़ी ने कहा है कि उसकी शादी मुकेश पुत्र झांझन लाल निवासी रेशमवाड़ी रुद्रपुर के साथ 25 मार्च 2023 को हुई। शादी के कुछ दिन बाद ही उसका पति मुकेश, सास प्रेमवती, ससुर झांझन लाल, जेठ हरीश व जेठानी पिंकी ने उससे मारना पीटना शुरू कर दिया। उसका पति भी कोई बात नहीं सुनता है व माँ बाप के कहने पर चलता है। महिला का आरोप है पिछले दो दिन से ससुराल वाले उसे कमरे में बन्द करके पीट रहे है इन लोगो ने उसे घर में बंद कर रखा है। जानकारी मिलने पर मायके से उसके पिता अमर सिंह निवासी शिव नगर वार्ड 9, माँ विमला देवी और भाई विजय आये तो ससुराल वालो ने उन्हें भी मारा पीटा। पीड़िता का कहना है उसकी जान को खतरा है। ससुराल वाले उसे जान से मार सकते है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बैग स्नेचिंग का सिलसिला जारी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय में महिलाओं के हाथ से बैग स्नेचिंग की घटनाओं का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। ऐसा ही एक और मामला सामने आया है। जिसमें बहन के साथ स्कूटी पर सवार होकर जा रही एक महिला के हाथ से बाईक सवार दो बदमाशों ने बैग छीन लिया और फरार हो गयें। मामले की रपट दर्ज करा दी गई है। दर्ज रपट में मैट्रोपोलिस कालोनी निवासी दिव्या रानी पत्नी सुखदेव कुमार ने कहा है कि गत 28 मई को रात्रि वह अपनी बहन सतविन्दर कौर के साथ गंगापुर रोड़ स्थित अपने पार्लर से स्कूटी पर सवार होकर घर वापस आ रही थी। मार्ग में आवास स्थित एचडीएफसी बैंक के सामने बाईक सवार दो व्यक्ति पीछे से आकर उसकी स्कूटी के पास आकर रूके और उसके हाथ से बैग छीन लिया और नैनीताल रोड़ की ओर फरार हो गये। बैग में मोबाईल, स्मार्ट वाच व 5500 रूपये नगद आदि सामान रखा हुआ था। पुलिस ने मामले की रपट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बंगाली कल्याण समिति अध्यक्ष ने मदद के लिए बढ़ाया हाथ

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। देवनगर निवासी सुब्रत मजूमदार जिनका इलाज राममूर्ति अस्पताल बरेली में चल रहा है जिनकी माली हालत गंभीर है और आर्थिक तंगी के कारण परिवार के सभी सदस्य प्रभावित है।सुब्रत मजूमदार का स्पाइनल कोड 4,5,की सर्जरी में बहुत पैसा खर्च हो चुका है जैसे ही ये खबर बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चन्द्र राय को पता चला बिना देर किए असहाय ,लाचार परिवार वालों से मिलकर उनको हर संभव मदद देने की बात कही।साथ ही साथ पीड़ित परिवार को माहभर की राशन के के साथ साथ इलाज के लिए नकद धनराशि प्रदान की। बंगाली कल्याण समिति के अध्यक्ष राम चंद्र राय ने कहा शक्तिफार्म परिक्षेत्र ही नही अपितु सम्पूर्ण मानव जाति के असहाय ,निर्धन लोगो की सेवा करना ईश्वर सेवा है ।बंगाली कल्याण समिति का उद्देश्य सर्व धर्म वर्ग समाज के उत्थान के लिए कार्य करना है।



## पेज एक का शेष...

**मलवे में दबे तीन...**जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। राज्यपाल ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। राज्यपाल ने उत्तराखण्ड में लगातार हो रही तेज बारिश के दृष्टिगत भूस्खलन, जलभराव और प्राकृतिक आपदा के संभावित खतरे के दृष्टिगत सभी लोगों से एहतियात बरतने की अपील की है। वहीं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आपदा राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये।

**विद्युतकटौती के खिलाफ...**से जहां एक ओर धान कटाई को लेकर किसानों के आगे संकट उत्पन्न हो रहा है बच्चों की स्कूल की पढ़ाई में भी व्यवधान होने के साथ ही इस उमस भरी गर्मी में आम जनता भी परेशान है। उन्होंने कहा कि सरकार का ध्यान केवल धर्म जाति के नाम पर या तो लोगों को बांटना है या लव जिहाद और लैंड जिहाद के नाम पर मजारों को तोड़कर अतिक्रमण के नाम पर जनता का उत्पीड़न करना रह गया है। उन्होंने कहा कि आज सरकार जनता को मूलभूत सुविधाएं देने में भी पूरी तरह नाकाम है। उन्होंने सरकार द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों में भी भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने सरकार से कटौती को तत्काल बंद करने की मांग की। साथ ही कहा कि यदि इस कटौती को बंद नहीं किया गया को वृहद आंदोलन सरकार के खिलाफ चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कटौती से शहर व ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल आपूर्ति भी पूरी तरह ठप हो रही है जिससे जनता पानी के लिए भी अब परेशान हो रही है। वही मामले में अधिशासी अभियंता ने कहा कि विद्युत कटौती को लेकर उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के साथ ही समस्या का समाधान किया जाएगा।

**दस लाख की स्मैक...** को देखकर वाहन मोडने लगे। वाहन मोडते समय उनका वाहन फिसलकर गिर गया तो दोनो व्यक्ति अपनी स्कूटी को छोडकर जंगल की ओर भागने लगे। शक होने पर पुलिस कर्मियों ने उनका पीछा किया गया तथा कुछ दूरी पर पकड लिया। पकडे गए व्यक्तियो से नाम पता पूछने पर हुये उनसे भागने का कारण भी पूछा तो उन्होंने राजीव गुप्ता पुत्र खजानची लाल गुप्ता निवासी राजुपुर थाना भमौरा जिला बरेली हाल निवासी खन्ना फार्म तीन पानी हल्द्वानी व दूसने व्यक्ति ने अपना नाम वालेश कुमार पुत्र ओमकार गुप्ता निवासी राजुपुर थाना भमौरा जिला बरेली हाल निवासी जोशी निवास चौधरी कालोनी हल्द्वानी बताया। तलाशी लेने पर उनके पास से कुल 101ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। उन्होंने बताया कि यह स्मैक बरेली से एक व्यक्ति से लेकर आये हैं। जो कालाढूंगी में ही दो अलग-अलग लोगों को देने जा रहे थे। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष नन्दन सिंह रावत, उनि हरजीत सिंह, उनि गगनदीप सिंह, कानि. किशन नाथ,अखिलेश तिवारी, राजकुमार व स्वरूप सिंह शामिल थे।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना कालाढूंगी पुलिस टीम को पांच हजार रुपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की गई

**नाले में मिला...** जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।परिजनों की ओर से तहरीर मिलने के बाद कार्रवाई की जाएगी। मामले में मृतक के पिता मुख्तार अंसारी ने अपने पुत्र की हत्या करने का आरोप एक महिला व कुछ लोगों पर लगाया है ।उन्होंने पुलिस से इस मामले में न्याय की गुहार भी लगाई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पुलिस को तहरीर सौंपी जाएगी घटना के बाद पुलिस ने कुछ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में भी लिया है।

**आर्मी के हवलदार...**लिए। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उसने जब अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी द्वारा उसे मौत के घाट उतारने की धमकी दी गई। पुलिस ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए आरोपी जवान के खिलाफ धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी।


## सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम YOGITA CHHABRA से बदलकर YOGITA RANI कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे YOGITA RANI W/o MANOJ KUMAR AHUJA के नाम से जाना पहचाना जाए।

वर्तमान पता-वार्ड नं.11, ज्ञान विहार, गदरपुर, उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड


# युवक पर किया जानलेवा हमला

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। विगत सायं नानी के घर से बाईक पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहे युवक पर मार्ग में खेड़ा पुल के पास कुछ लोगों ने जानलेवा हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना की रपट दर्ज करा दी गईं है। दर्ज रपट में साईन पत्नी सिफते अली निवासी आदर्श कालोनी वार्ड 29 ने कहा है कि 9 जुलाई को उसका पुत्र अमान खेड़ा निवासी अपनी नानी के घर से बाईक पर सवार होकर वापस घर आ रहा था। संजय नगर चौराहा खेड़ा पुल के पास खेड़ा निवासी अरबाज, उसका छोटा भाई सुहेल पुत्रगण फरीद बाबा एवं उसका फूफेरा भाई फैजान पुत्र याकूब व 2-3 अज्ञात व्यक्तियो ने उसके पुत्र पर लाठी डन्डे व लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे उसका पुत्र मौके पर बेहोश हो गया। हमलावर उसे बेहोशी हालत में छोड़कर भाग गये। पुत्र को कुछ समय बाद होश आया तो वह अपनी बाईक छोड़कर भागा क्योकि उक्त लोग फिर मारने आ गये थे। अगर वह बाईक छोड़कर नही भागता तो उक्त लोग उसे जान से मार देते। पुत्र को काफी चोटे आयी है उसकी हालत काफी गम्भीर है। आरोप उहै हमलावरों ने अस्पताल आकर भी जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
CONSTRUCTING HAPPINESS
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000